# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 1057 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2023–24 दिनांकः 05.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय –प्रदेश–स्तरीय एकेडमिक बैक ऑफ क्रेडिट्स–ABACUS UP पर समस्त सूचनाओं को फीड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन संलग्न पत्र संख्या–2413 / सत्तर–3–2023, दिनांक : 25 अगस्त, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के बिन्दु 03(01) के द्वारा समस्त राजकीय / सहायता प्राप्त अशासकीय / स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों का **दो दिवस के भीतर उक्त पोर्टल पर शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है।**

अतः आपको अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–1816 / सत्तर–3–2021, दिनांक : 09 अगस्त, 2021 एवं शासनादेश संख्या–1013 / सत्तर–3–2022, दिनांक : 19 अप्रैल, 2022 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्र संख्या – 522–29 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 26.05.2022, पत्र संख्या–847 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 28.06.2022, पत्र संख्या– 973–78 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 18.07.2022, पत्र संख्या– 1021–28 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23 दिनांक : 25.07.2022, पत्र संख्या–1160 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांक : 11.08.2022, पत्र संख्या–1233 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 24.08.2022, पत्र संख्या– 1666 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 14.10.2022, पत्र संख्या– 1845 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 10.11.2022, पत्र संख्या–2314 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांकः 16.01.2023 एवं पत्र संख्या– 1010 / 04 / प्रशा0 / MSU / 2023–24, दिनांकः 26.08.2023 के द्वारा शासनादेश में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण किये जाने की अपेक्षा की गई थी, किन्तु महाविद्यालयों द्वारा उक्त कार्य को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। **शासन द्वारा उपर्युक्त स्थिति पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये शिक्षण संस्थानों / शिक्षकों / विद्यार्थियों का डाटा दो दिवस के भीतर ABACUS UP पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।**

इस सम्बन्ध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन के संलग्न पत्र संख्या–2413/सत्तर–3–2023, दिनांक : 25 अगस्त, 2023 के अनुपालन में मुझे पुनः यह कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया ABACUS UP पोर्टल http://abacus.upsdc.gov.in पर जाकर ABACUS UP New Registration पर क्लिक करते हुये **दिनांक : 07.09.2023 तक पंजीकरण प्रक्रिया पूरा करना सुनिश्चित करें। पंजीकरण करने के उपरान्त पंजीकरण फार्म डाउनलोड व प्रिंट कर समस्त प्रविष्टियों का सत्यापन करते हुये प्रबन्धक के हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ सम्बन्धित अनुमोदन पत्र, प्राचार्य/प्रबन्धक/शिक्षक की दशा में अनुमोदन पत्र एवं खाते से(बैंक द्वारा निर्गत) भुगतान का विवरण विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक : 08.09.2023 तक सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।**

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
02. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
03. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
04. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ/सहारनपुर।
05. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
06. डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, कु0 मायावती राजकीय महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।
07. श्री कमल कृष्ण, उप कुलसचिव/नोडल अधिकारी(ABACUS UP), माँ शा0 वि0वि0, सहारनपुर ।
08. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

वर्चुअल बैठक
दिनांक 29.08.2023 मध्याह्न 12:00 बजे
संख्या–2413 /सत्तर–3–2023

प्रेषक,

**गिरिजेश कुमार त्यागी,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।**
2. **कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।**
3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।**

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 — लखनऊ : दिनांक 25 अगस्त, 2023

**विषय : प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 29.08.2023 को मध्याह्न 12:00 बजे प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA) के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA) के सम्बन्ध में समीक्षा विषयक **प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 29.08.2023 को मध्याह्न 12:00 बजे वर्चुअल बैठक आहूत** की गयी है। **प्रश्नगत विषय की समीक्षा के उपरान्त उक्त बैठक में ही प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों के ABACUS-UP पोर्टल पर शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में भी समीक्षा की जायेगी।**

2– उल्लेखनीय है कि ABACUS-UP पोर्टल पर अभी तक केवल 3000 उच्च शिक्षण संस्थान ही रजिस्टर्ड हैं, जबकि उक्त पोर्टल पर प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया ABACUS-UP पोर्टल पर प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों के रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में निम्नवत् कार्यवाही कराने का कष्ट करें:–

1. प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों (समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय एवं समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय) का **एक सप्ताह के भीतर** उक्त पोर्टल पर शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. ABACUS-UP पोर्टल पर अद्यतन रजिस्ट्रेशन न कराने वाले समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की सूचना निम्न प्रारूप पर गूगल फार्म के माध्यम से तत्काल उपलब्ध करायें:– **(गूगल फार्म का लिंक ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।)**

| S. No. | Name of University | Name of Self Finance College | AISHE Code of Self Finance College | District in Which Self Finance College Situated | RHEO Region | College Registerd On ABACUS YES/NO |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

3. ABACUS-UP पोर्टल पर रजिस्टर्ड समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों की दिनांक 28.08.2023 तक की अद्यतन प्रगति शासन को प्रत्येक दशा में **दिनांक 28.08.2023 को अपरान्ह् 04:00 बजे तक उपलब्ध करायें तथा अद्यतन प्रगति आख्या व सुसंगत सूचनाओं सहित दिनांक 29.08.2023 को मध्यान्ह 12:00 बजे आहूत वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग** करना सुनिश्चित करें।

4. समस्त कुलसचिव, एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी क्रमशः अपने क्षेत्राधिकार में स्थित सभी स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों तथा समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के सम्बन्ध में **दिनांक 31.08.2023 तक इस विषयक प्रमाण–पत्र शासन को उपलब्ध करायेंगे** कि अब उनके क्षेत्राधिकार में कोई महाविद्यालय ABACUS-UP पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन से छूटा नहीं है।

वर्चुअल बैठक का लिंक निम्नवत् है :–

https://us02web.zoom.us/j/84629527033?pwd=R0NoaTZrUzNoclpjYkdMRG81aXBZQT09

Meeting ID: 846 2952 7033 Passcode: 634953

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

2– निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री त्यागी), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

3– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त वर्चुअल बैठक में अद्यतन प्रगति आख्या व सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

4– डॉ0 संजय कुमार दिवाकर, नोडल अधिकारी, ABACUS-UP पोर्टल/उप निदेशक (तकनीकी), रूसा, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त वर्चुअल बैठक में सुसंगत सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

5– प्रो0 दिनेश चन्द्र शर्मा, शैक्षणिक समन्वयक, ABACUS-UP पोर्टल/एसो0 प्रो0, कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त वर्चुअल बैठक में सुसंगत सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

6– डॉ0 अवनीश गौतम, राजकीय महाविद्यालय, महोना, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त वर्चुअल बैठक में सुसंगत सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अरविन्द सिंह)
अनु सचिव।

RPS GO